Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	12th Sep 2018

NBT नवभारत टाइम्स

प्रिजिडियम स्कूल बना डिस्ट्रिक्ट चैंपियन

सनसिटी स्कूल और प्रिजिडियम के बीच फाइनल मैच हुआ

एनबीटी न्यूज, गुड़गांव : डिस्ट्रिक्ट लेवल स्कूल क्रिकेट गेम्स में प्रिजिडियम स्कूल ने अंडर-14 वर्ग में चैंपियन का खिताब जीता है। मंगलवार को सनसिटी स्कूल और प्रिजिडियम के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल में प्रिजिडियम स्कूल 19 रनों से जीत दर्ज की। स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 100 रन बनाए, जिसमें बल्लेबाज लक्ष्य के 32 रन, विष्णु के 20 रन व चैतन्य ने 17 रन बनाए। सनसिटी स्कूल के गेंदबाज हिमेश ने 3 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी सनसिटी स्कूल की टीम के बल्लेबाज धवल के 42 व आर्यन के 17 रन के अलावा कोई दूसरा बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। प्रिजिडियम स्कूल के गेंदबाज मृदुल ने 2 विकेट व हर्ष ने 1 विकेट सहित अन्य गेंदबाजों ने काफी अच्छी गेंदबाजी की। सनसिटी स्कूल को 19 रन से हार का सामना करना पड़ा। डिस्ट्रिक्ट के बाद अब 13 से 15 सितंबर तक झज्जर में राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में सनसिटी स्कूल को 19 रन से दी मात

Publication	Amar Ujala
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	12th Sep 2018

अमर उजाला

अजंता स्कूल पहुंची अंडर 17 के फाइनल में पहुंची

गुरुग्राम। सेक्टर 65 स्थित लॉन टेनिस अकादमी में खेली जा रही जिला स्तरीय स्कूली लॉन टेनिस प्रतियोगिता में मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें लड़कियों व लड़कों के वर्ग टीमों के बीच मुकाबले हुए। जिला खेल अधिकारी जगदीश अहलावत ने बताया कि लड़कियों व लड़कों के वर्ग में अंडर-17 व 19 टीमों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। लड़कियों के अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबले में अजंता पब्लिक स्कूल टीम ने सनसिटी स्कूल टीम को 2-1 से हराया। ब्यूरो

Publication	Dainik Jagran
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	V
Date	12th Sep 2018

दैनिक जागरण

अजंता पब्लिक स्कूल व एमेटी स्कूल टीमों के बीच होगा फाइनल

जासं, गुरुग्राम : सेक्टर 65 स्थित एक लॉन टेनिस अकादमी में खेली जा रही जिलास्तरीय स्कूली लॉन टेनिस प्रतियोगिता में मंगलवार को लड़कियों व लड़कों के वर्ग टीमों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। जिला स्कूली खेल अधिकारी जगदीश अहलावत ने बताया कि लड़कियों व लड़कों के वर्ग में अंडर-17 व 19 टीमों के सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें लड़कियों के अंडर-17 आयु वर्ग के मुकाबले में अजंता पब्लिक स्कूल टीम ने सनसिटी स्कूल टीम को 2-1 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एमेटी सेक्टर 46 स्कूल टीम ने डीपीएस सेक्टर 45 स्कूल टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में अजंता स्कूल टीम के साथ मुकाबला तय किया।

अंडर-19 में पहला सेमीफाइनल मुकाबला सेंट माइकल मारुति कुंज स्कूल टीम ने एमेटी 46 सेक्टर स्कूल टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मुकाबला अजंता सेक्टर 31 स्कूल टीम व डीपीएस 45 स्कूल टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

लड़कों के अंडर-17 वर्ग में अजंता पब्लिक स्कूल टीम ने मानव रचना स्कूल टीम को 2-0 से हराया और एमेटी 46 स्कूल टीम ने सनसिटी स्कूल टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में मुकाबला तय किया।

अंडर-19 आयु वर्ग में डीपीएस सुशांत लोक स्कूल टीम ने अजंता पब्लिक स्कूल टीम को 2-0 से और डीपीएस सेक्टर 45 स्कूल टीम ने मानव रचना स्कूल टीम को 2-0 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया।

Publication	Hindustan
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	12th Sep 2018

हिन्दुस्तान

लॉन टेनिस में कड़ा मुकाबला

गुरुग्राम। सेक्टर-62 के फिटजी स्पोर्ट्स अकादमी में चल रही जिलास्तरीय स्कूल लॉन टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन एक दर्जन से अधिक स्कूलों के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ।

मंगलवार को महिला अंडर-17 आयु वर्ग में सेक्टर-31 अजंता पब्लिक स्कूल ने सनसिटी को 2-1 से, सेक्टर-46 के एमिटी स्कूल ने सेक्टर-45 के डीपीएस को 2-0 से हराया। अंडर-19 आयु वर्ग में मारुति कुंज के मिचंल ने सेक्टर-46 के डीपीएस को 2-0 से, सेक्टर-45 डीपीएस ने सेक्टर-31 अजंता पब्लिक स्कूल को-2-0 से हराया। पुरुष अंडर-17 में अजंता ने मानव रचना को 2-0 से, सेक्टर-46 एमिटी ने सन सिटी को 2-0 से हराया। अंडर-19 में सुशांतलोक के डीपीएस ने अजंता को 2-0 से हराया।

Publication	Punjab Kesari
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	02
Date	12th Sep 2018

पंजाब केसरी

प्रीजिडियम स्कूल ने 19 रनों से जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल

गुड़गांव, 11 सितम्बर (ब्यूरो): द्रोणा स्पोर्ट्स विलेज (प्रिजिडियम स्कूल) के मैदान में खेली गई एसजीएफआई क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला प्रिजिडियम स्कूल व सनसिटी स्कूल के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में प्रिजिडियम स्कूल 19 रनों से जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट के फाइनल मैच में प्रिजिडियम स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज लक्ष्य के 32 रनों, विष्णु के 20 रनों व चेतन्य के 17 रनों की मदद से 12 ओवर में 100 रन का टारगेट दिया।

सनसिटी स्कूल के गेंदबाज हिमेन्स ने 3 ओवर में 10 रन देकर 4 विकेट हासिल किये। सनसिटी स्कूल की टीम के बल्लेबाज धवल के 42 रन बनाए। प्रिजिडियम स्कूल के गेंदबाज मृदुल ने 2 विकेट व हर्ष ने 1 विकेट सहित अन्य गेंदबाजों ने काफी अच्छी गेंदबाजी की।